Roll No. ....

9661-A

B. A. LL. B. (Hons.) 5 Year Course
1st Semester (w. e. f. Dec. – 2017)
Examination – November, 2023

HINDI – I (SAMANYA EVAM VIDHIK HINDI - I)

(w. e. f. DEC. 2020)

Paper : 1704-A

Time : Three Hours] **[Maximum Marks : 80**

प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : निर्देशानुसार ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 14

अथवा

'प्रमोशन' कहानी में सुरेश का चरित्र चित्रण कीजिए।

2. सप्रसंग व्याख्या करें : 7 + 7 = 14

(क) मुझे ब्रजनंदन पर आश्चर्य आकर भी आश्चर्य नहीं होता। उसने दृढ़ता के साथ कह दिया कि मैं यह शादी नहीं करूँगा। लेकिन उसने मुझसे अकेले में यह भी कहा कि चाचा जी, मैं विवाह

P. T. O.

करूँगा ही नहीं, करूँगा तो उसी से करूँगा। उस पक्ष को अपने से वह अलहदा नहीं करता है। और मैं देखता हूँ कि उस ब्रजनंदन का ठाठ-बाट अपने आप ही कम होता जा रहा है।

अथवा

मैं कभी-कभी सोचता हूँ, इंसान जिन्दा किसलिए रहता है। क्या मुझे कोई और बेहतर काम करने को नहीं मिला ? हजारों मील अपने मुल्क से दूर मैं यहाँ पड़ा हूँ – यहाँ कौन मुझे जानता है .... वहीं शायद मर भी जाऊँगा। ह्यूबर्ट, क्या तुमने कभी महसूस किया है कि एक अजनबी की हैसियत से पराई जमीन पर मर जाना काफी खौफनाक बात है।

(ख) अंत में उसे अपने ऊपर क्रोध हो गया। वह खुद भी कुछ कम नहीं। उसकी जीभ में आग लगे। बैलगाड़ी पर चढ़कर नाच देखने की लालसा किस कुसमय में उसके मुँह से निकली थी, भगवान जानें। फिर आज सुबह से दोपहर तक, किसी न किसी बहाने उसने अठारह बार बैलगाड़ी पर नाच देखने की चर्चा छेड़ी है।

अथवा

कस्बे के अंदर सर्वथा निश्चित कुछ थोड़े से कार्यक्रम थे। इनमें कभी कोई परिवर्तन नहीं होता था। खूब आराम के साथ सुबह होती थी और उतने ही आराम से दिन का पटाक्षेप होता था। कुछ छोटी-छोटी दिलचस्प बातें थीं। इसलिए हमें अपना प्रदेश बीमार, सिकुड़ता हुआ और वास्तविक दुनिया से भिन्न लगने लगा था।

https://www.mdupapers.com

3. निम्नलिखित विषयों पर पक्ष-विपक्ष में तार्किक अभिव्यक्ति करें : 7 + 7 = 14

(क) नागरिकता कानून की प्रासंगिकता ***अथवा*** आर्थिक आधार पर आरक्षण का औचित्य।

(ख) समाज में बढ़ती असहिष्णुता **अथवा** युवाओं पर नशे का प्रभाव।

4. किन्हीं ***सात*** शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखकर उनका हिन्दी वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 7 × 2 = 14

अग्राह्य साक्ष्य, अधिसूचना, अध्यादेश, अनुज्ञाप्ति, अपराध, अभिसमय, अश्लील, आरम्भ से उत्प्रवास, कुर्की, चुंगी, दत्तक ग्रहव, नागरिकता निर्वचन

5. ***सभी*** प्रश्न ***अनिवार्य*** हैं। सभी के अंक समान हैं। 8 × 3 = 24

(i) 'परिंदे' कहानी का उद्देश्य बताइए।

(ii) 'अपना रास्ता लो बाबा' कहानी की समस्या क्या है ?

(iii) 'त्रिशंकु' कहानी की पाठ योजना के बारे में बताइए।

(iv) पठान व दुबले व्यक्ति के बीच झगड़े का क्या कारण था ?

(v) 'आपकी छोटी लड़की' कहानी का उद्देश्य बताइए।

(vi) 'न्यायाधिपति' शब्द का अंग्रेजी अर्थ बताकर हिन्दी वाक्य में प्रयोग करें।

(vii) 'जनहित में' शब्द का अंग्रेजी अर्थ बताकर हिन्दी वाक्य में प्रयोग करें।

(viii) 'उत्प्रवास' शब्द का अंग्रेजी अर्थ बताकर हिन्दी वाक्य में प्रयोग करें।

https://www.mdupapers.com